


# जब 100 फीट गहरी टनल में उतरे दो अपर मुख्य सचिव

- ड्राइविंग सीट पर बैठे अफसर, लिया व्यवस्थाओं का जमीनी जायजा
- कान्ह नदी डायवर्सन टनल 50 प्रतिशत पूर्ण, क्षिप्रा शुद्धिकरण पर फोकस
- मोक्षदायिनी क्षिप्रा के जल से होगा सिंहस्थ स्नान

### समय, गुणवत्ता और उपयोगिता पर विशेष जोर

निरीक्षण के बाद समीक्षा बैठक में अपर मुख्य सचिव राजेश राजोरा ने निर्देश दिए कि सभी प्रस्तावित कार्य पूर्ण सतर्कता, गुणवत्ता और सिंहस्थ के दौरान उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए किए जाएं। वहीं अपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने सभी योजनाओं का गहन परीक्षण और तार्किक प्रस्तुतीकरण करने के निर्देश दिए, ताकि स्वीकृति की प्रक्रिया शीघ्र हो सके. पेयजल, सीवरेज और ड्रेनेज पर भी मंथन हुआ, निरीक्षण के दौरान सिंहस्थ मेला क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था, सीवरेज ट्रीटमेंट, ड्रेनेज लाइन को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई.

नवभारत न्यूज

**उज्जैन.** मोक्षदायिनी मां क्षिप्रा को सतत प्रवाहमान बनाने के लिए जल संसाधन विभाग ने कान्हा क्लज डक्ट योजना बनाई है, जिसके लिए 100 फीट गहरी टनल खोदी गई है,जो 12 किलोमीटर लंबी है. उस टनल में भोपाल से आए दो अपर मुख्य सचिव समेत उज्जैन कलेक्टर रोशन सिंह व संभागायुक्त आशीष सिंह उतर गए और योजना का जायजा लिया.महाकाल की नगरी उज्जैन में सिंहस्थ महाकुंभ 2028 की तैयारियां अभूतपूर्व स्तर पर प्रारंभ हो चुकी हैं. मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की परिकल्पना के अनुरूप इस बार सिंहस्थ में श्रद्धालुओं को केवल मोक्षदायिनी मां क्षिप्रा के शुद्ध जल से ही स्नान कराया जाएगा. पूर्व में अन्य नदियों का जल क्षिप्रा में मिलाया जाता था. इसी उद्देश्य से सिलारखेड़ी और सेवरखेड़ी क्षेत्र में विशेष जल संग्रहण परियोजना विकसित की जा रही है. वर्षा जल को यहां संरक्षित कर सिंहस्थ के दौरान श्रद्धालुओं के लिए उक्त जल छोड़ा जाएगा, जिससे क्षिप्रा का प्राकृतिक स्वरूप और पवित्रता बनी रहे.

**जमीनी स्तर पर किया निरीक्षण**-सिंहस्थ 2028 को लेकर चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लेने भोपाल से वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों का दल उज्जैन पहुंचा. रविवार को अपर मुख्य सचिव राजेश राजोरा और अपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने कलेक्टर रोशन कुमार, मेला अधिकारी आशीष सिंह के साथ निर्माणाधीन एवं प्रस्तावित कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया.

**फोरलेन और ब्रिज पर विशेष ध्यान**-निरीक्षण की शुरुआत शनि मंदिर क्षेत्र से की गई, जहां निर्माणाधीन ब्रिज और सड़क कार्यों की जानकारी ली गई. अधिकारियों ने भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था और प्रस्तावित कार्यों से होने वाले लाभों पर विस्तार से चर्चा की. इसके बाद दो तालाब के पास बनने वाले फोरलेन,लालपुल क्षेत्र में निर्माणाधीन फोरलेन, प्रस्तावित मेला कार्यालय, नवीन सर्किट हाउस स्थल,मेला क्षेत्र की लाइटिंग एवं मार्ग व्यवस्था का निरीक्षण कर कार्य योजनाओं की समीक्षा की गई.

**अफसर ने चलाई कार** - निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक अनुशासन और गंभीरता का अनूठा दृश्य भी देखने को मिला. अपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने स्वयं वाहन चलाया जबकि अपर मुख्य सचिव राजेश राजोरा फ्रंट सीट पर बैठकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते रहे, पीछे की सीट पर बैठे कलेक्टर द्वारा निर्माण कार्यों और योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जाती रही.

**कान्ह नदी डायवर्सन टनल** -दोनों अपर मुख्य सचिवों ने जल संसाधन विभाग द्वारा बनाई जा रही कान्ह नदी डायवर्सन टनल का भी नीचे उतरकर निरीक्षण किया. अधिकारियों को बताया गया कि टनल निर्माण कार्य लगभग 50 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है.

# प्रदेश में धूप खिलने से घने कोहरे से राहत

## रात में सर्दी का असर बरकरार


फोटोग्राफर : जगदीश

**भोपाल, 11 जनवरी. प्रदेश की राजधानी भोपाल सहित अधिकांश हिस्सों में सुबह से धूप निकलने के कारण वातावरण में नमी की मात्रा कम हुई है, जिससे घने कोहरे से फिलहाल राहत मिल गई है. धूप खिलने के चलते दिन के तापमान में भी धीरे-धीरे बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है.**

हालांकि रात और सुबह के समय ठंड का असर अभी भी बना हुआ है, क्योंकि अधिकतर शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे बना हुआ है. इस कारण सुबह-शाम सिहरन महसूस की जा रही है, जबकि दिन में धूप गुनगुनी राहत दे रही है. शनिवार को प्रदेश में सबसे कम न्यूनतम तापमान 3.6 डिग्री सेल्सियस खजुराहो में दर्ज किया गया. खजुराहो और शिवपुरी में शीतलहर का प्रभाव देखा गया, जबकि ग्वालियर में मध्यम स्तर का कोहरा रहा. प्रदेश के अधिकांश शहरों में सुबह से ही धूप निकल आई. वहीं, दिन का सबसे अधिक अधिकतम तापमान 30.5 डिग्री सेल्सियस खंडवा में रिकॉर्ड किया गया.

> मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के सभी संभागों में मौसम मुख्यत: शुष्क बना रहा। इस अवधि में ग्वालियर, चंबल और रीवा संभागों के जिलों में अधिकतम तापमान में 2.3 से 3.3 डिग्री सेल्सियस तक की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई, जबकि शेष संभागों में तापमान में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ। अधिकतम तापमान भोपाल, नर्मदापुरम, शहडोल और सागर संभागों में सामान्य से 1.6 से 2.7 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा.

## ग्वालियर में कर्मचारी को एक के बाद एक दो वाहनों ने रौंदा, हुई मौत

**ग्वालियर.** ग्वालियर-मुरैना हाइवे पर नगर पालिका कर्मचारी को दो अलग-अलग वाहनों ने टक्कर मार दी, कर्मचारी की अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई. मृतक चाय पीने जा रहा था. पहले एक तेज रफ्तार बाइक ने उसे टक्कर मार दी. टक्कर लगने के बाद वह हाईवे पर गिरा और लड़खड़ाते हुए उठा ही था कि एक तेज रफ्तार उसे रौंदते हुए निकल गई. हादसे के समय मृतक का भतीजा पास ही खड़ा था. तत्काल एम्बुलेंस बुलाकर वह उसे हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने नब्ज टटोलते ही मृत घोषित कर दिया. टक्कर मारने वाले वाहनों की तलाश शुरू कर दी गई है.

# विजयवर्गीय का कांग्रेस पर पलटवार

## बोले... विरोध नहीं, तथ्यात्मक बात करे कांग्रेस




**धार, 11 जनवरी. मध्यप्रदेश सरकार ने वर्ष 2026 को कृषि वर्ष घोषित करते हुए कृषि को उद्योग और रोजगार से जोड़ने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है.**

विकसित भारत रोजगार और आजीविका मिशन की गारंटी वीबी-जी रामजी योजना के तहत कृषि आधारित उद्योगों को नया विस्तार मिलेगा और किसानों की आय बढ़ाने पर विशेष फोकस किया जाएगा. यह बात प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने धार में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही. उन्होंने वीबी-जी रामजी योजना की विस्तृत जानकारी दी और कहा कि विपक्षी दल कांग्रेस को इस बारे में तथ्यात्मक बातें करना चाहिए. सिर्फ विरोध के लिए विरोध करना उचित नही है और कांग्रेस को इस बात को समझना चाहिए. उन्होंने कहा कि इस योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए राज्य सरकार ने भी विभिन्न विभागों के बीच समन्वय के आधार पर कार्य प्रारंभ किया है.

> केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने कहा कि वीबी-जी रामजी योजना केंद्र सरकार की दूरदर्शी सोच का परिणाम है. यह योजना वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने में सहायक होगी. उन्होंने बताया कि योजना के तहत 125 दिन के रोजगार की गारंटी दी गई है, जबकि मनरेगा में केवल 100 दिन का प्रावधान है. यह योजना ग्रामीण परिवारों की आय बढ़ाने, आजीविका सुदृढ़ करने और पारदर्शी विकास को बढ़ावा देने में मील का पत्थर साबित होगी.

# खुले कुएं में गिरा तेंदुआ सुरक्षित निकाला



**इंदौर, 11 जनवरी. शहर से सटे ग्रामीण इलाके में रविवार दोपहर एक खुले कुएँ में तेंदुआ गिरने से हड़कंप मच गया.**

सूचना मिलते ही वन विभाग की रालामंडल रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और तय प्रक्रिया के तहत ऑपरेशन शुरू किया. करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद तेंदुए को सुरक्षित बाहर निकाला. बाद में उसे स्वास्थ्य परीक्षण के लिए चिड़ियाघर भेजा, जहां उसकी निगरानी की जा रही है. डीएफओ प्रदीप मिश्रा ने बताया कि घटना दोपहर करीब 12.30 बजे ग्राम पंचायत जामनिया खुर्द में क्रिसेंट वाटर पार्क के पास हुई. ग्रामीणों ने सूचना दी कि मुंडेर वाले खुले कुएँ में तेंदुआ गिर गया हैं. आसपास के लोगों ने जब कुएँ से आवाजें सुनीं तो वन विभाग को सूचना दी गई. टीम ने मौके पर पहुंचकर पहले स्थिति का आकलन किया, फिर सुरक्षा घेरा बनाकर रेस्क्यू शुरू किया.

# ऑपरेशन मेरी सहेली : महिलाओं का सुरक्षा कवच



**भोपाल, 11 जनवरी. महिला यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रेलवे सुरक्षा बल द्वारा ऑपरेशन मेरी सहेली जागरूकता अभियान चलाया जाता है.**

इस जागरूकता अभियान के तहत महिला यात्रियों को सुरक्षित यात्रा का अनुभव प्रदान करना और उन्हे किसी भी प्रकार के संकट से सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक कदम उठाना है. ऑपरेशन मेरी सहेली के तहत रेलवे सुरक्षा बल, पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा वर्ष 2025 में 2,06,812 अकेली यात्रा करने वाली महिला यात्रियों को अटेंड कर सुरक्षित यात्रा के लिए सहायता प्रदान करते हुए उन्हे उनके गंतब्य तक सुरक्षित रूप से पहुँचाने में मदद की गई. साथ ही फीडबैक भी प्राप्त किया गया हैं. ऑपरेशन मेरी सहेली का उद्देश्य- ऑपरेशन मेरी सहेली का मुख्य उद्देश्य महिला यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देना है. इस अभियान के तहत रेलवे सुरक्षा बल ने विशेष सुरक्षा प्रबंध किए है, ताकि महिला यात्री, यात्रा के दौरान सुरक्षित महसूस करें. रेल प्रशासन की अपील- रेल प्रशासन महिला यात्रियों से अपील करता है कि वे अपनी सुरक्षा के लिए हमेशा सतर्क रहें और किसी भी समस्या या संकट में आरपीएफ से तुरंत संतर्क करें.

### ऑपरेशन के तहत उठाए गए कदम...

1) विशेष सुरक्षा प्रबंध- रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में महिला यात्रियों की सुरक्षा के लिए महिला आरपीएफ कर्मी तैनात किए गए है. साथ ही पश्चिम मध्य रेल के प्रमुख रेलवे स्टेशनों एवं यात्री गाड़ियों में मेरी सहेली के अंतर्गत महिला यात्रियों की सुरक्षा हेतु 18 महिला टीमों की तैनाती की गयी है.

2) जागरूकता- महिला यात्रियों को सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की जा रही है इसके तहत आरपीएफ द्वारा महिला यात्रियों को सुरक्षा उपायों, जैसे कि चोरी, छेडछाड और आपातकालीन स्थिती में किस तरह से मदद प्राप्त की जा सकती है, इसकी जानकारी दी जाती है.

# शिवपुरी में बनेगा डॉक विभाग का प्रशिक्षण केंद्र : सिंधिया



**शिवपुरी, 11 जनवरी. देश का सातवां भारतीय डाक विभाग का प्रशिक्षण केंद्र शिवपुरी में स्थापित किया जाएगा.**

यह जानकारी केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शिवपुरी में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान दी. उन्होंने बताया कि वर्तमान में इंडिया पोस्ट के छह प्रशिक्षण केंद्र देश के बड़े शहरों में संचालित हैं, जबकि शिवपुरी में बनने वाला यह पहला प्रशिक्षण केंद्र होगा, जो किसी छोटे शहर में स्थापित किया जा रहा है. इस केंद्र से प्रशिक्षण प्राप्त कर भारतीय डाक विभाग के हजारों कर्मचारी तैयार होंगे. केंद्रीय मंत्री ने बताया कि शिवपुरी जिले के पहले बड़े उद्योग जैकेट उद्योग का प्रथम चरण पूर्ण हो चुका है, जिसकी लागत 500 करोड़ रुपये से अधिक है. इस उद्योग से 500 से अधिक महिलाओं को रोजगार मिलेगा, जिससे वे आर्थिक रूप से सशक्त बनेंगी. बदरवास कस्बे में अदानी ग्रुप द्वारा स्थापित इस उद्योग के प्रथम चरण का शुभारंभ 20 जनवरी को किया जाएगा.

## सेवानिवृत शिक्षक से 29 लाख की साइबर ठगी

**भिण्ड.** शहर में साइबर ठगों ने एक सेवानिवृत शिक्षक को 48 घंटे तक 'डिजिटल अरेस्ट' में रखकर 29 लाख 50 हजार रुपये की ठगी कर ली. पीड़ित प्रेम सिंह कुशवाह ने शहर कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस के अनुसार मीरा कॉलोनी निवासी रिटायर्ड शिक्षक प्रेम सिंह कुशवाह को 7 जनवरी को एक कॉल आया, जिसमें कॉलर ने खुद को दिल्ली से भारत सरकार का जांच अधिकारी बताते हुए मनी लॉन्ड्रिंग केस में नाम आने की बात कही. ठगों ने गिरफ्तारी और जान को खतरे का डर दिखाकर उन्हें घर में एक कमरे में रहने, किसी से बात न करने और लगातार वीडियो कॉल पर जुड़े रहने के लिए मजबूर किया.

# बालाघाट में दुर्लभ सफेद उल्लू के 4 बच्चे मिले



**बालाघाट. जिले के वारासिवनी नगर के जगदम्बा वार्ड क्रमांक 12 में आज 11 जनवरी रविवार को उस समय लोगों में आश्चर्य फैल गया, जब एक सौ साल से अधिक पुराने मकान को तोडने के दौरान छत में चार सफेद उल्लू के बच्चे मिले.**


ये उल्लू टायटो अल्बा प्रजाति के हैं, जिन्हें खलिहानी उल्लू के नाम से भी जाना जाता है. बताया जा रहा है कि इनकी उम्र करीब दो से तीन माह है. मकान मालिक उपेंद्र बांगरे के मुताबिक उनका मकान काफी पुराना हो चुका था और कवेलू की छत वाला था. जर्जर स्थिति के कारण मकान का नव निर्माण किया जाना था. इसी प्रक्रिया में जब छत हटाई जा रही थी, तभी उसमें चार उल्लू के बच्चे दिखाई दिए. इस अप्रत्याशित घटना की सूचना तुरंत वन विभाग को दी गई. सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और चारों उल्लू के बच्चों को सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू कर वन विभाग कार्यालय लाया गया.

## फर्जी शस्त्र लाइसेंस मामले में 6 पर प्राथमिकी दर्ज

**भिण्ड.** जिले में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर शस्त्र लाइसेंस बनाए जाने का मामला सामने आया है. जिला मुख्यालय स्थित आर्म्स शाखा के अभिलेखों की जांच के दौरान अनियमितताएं उजागर होने पर आर्म्स शाखा प्रभारी की शिकायत पर देहात थाना पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है. मामले में जिला प्रशासन ने भी जांच प्रारंभ कर दी है. आर्म्स शाखा प्रभारी रोहित सिंह भदौरिया ने लिखित शिकायत में बताया कि अजीत सिंह , गौरव सिंह भदौरिया , हेमंत राजेंद्र देवरे, राहुल दौलत पाटिल निवासी महावीर गंज, जावेद अनवर निवासी वीरेंद्र नगर तथा मोहम्मद राशिद निवासी महावीर नगर ने फर्जी तरीके से हथियार लाइसेंस बनवाए हैं.

# रहवासी इलाके में चल रही थी नकली पान मसाला फैक्ट्री

- विमल ब्रांड की नकल कर खपाया मिलावटी मसाला
- पुलिस ने मारा छापा, पांच लाख की सामग्री जब्त



नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर में मिलावटखोरी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कनाडिया थाना क्षेत्र में रहवासी इलाके के भीतर संचालित नकली पान मसाला फैक्ट्री का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है. कार्रवाई में स्वास्थ्य के लिए बेहद नुकसानदायक मैग्नीशियम कार्बोनेट सहित बड़ी मात्रा में कच्चा माल, मशीनें और तैयार नकली पान मसाला जब्त किया गया है.

डीसीपी जोन 2 कुमार प्रतीक ने बताया कि इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों अक्षत शर्मा निवासी स्नेह नगर जूनी इंदौर, जावेद कुरैशी निवासी सनावद जिला खरगोन और अरूण सिंह निवासी रोशन पार्क पालघर मुंबई को गिरफ्तार किया है. तीनों आरोपी विमल पान मसाला की हूबहू नकल तैयार कर उसे बाजार में सप्लाई कर रहे थे. डीसीपी का कहना है कि कनाडिया पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सहारा सिटी होम्स, बिचोली मरदाना बायपास स्थित एक मकान में अवैध गतिविधियां चल रही हैं. सूचना की तस्दीक के बाद एसीपी खजराना से सर्च वारंट प्राप्त कर मकान नंबर एस 19 पर दबिश दी गई.

### फैक्ट्री से बड़ी मात्रा में नकली पाउच बनाने की सामग्री बरामद

छापे के दौरान मकान के भीतर नकली पान मसाला बनाने की पूरी फैक्ट्री संचालित पाई गई. मौके से पाउच पैकिंग मशीन, पाउच सीलिंग मशीन, सुपारी ओवन ड्रायर, सुपारी कटर मशीन, विमल ब्रांड के नकली रोल, मैग्नीशियम कार्बोनेट, कत्था, चूना, तंबाकू लिक्विड और बड़ी मात्रा में तैयार नकली पान मसाला बरामद किया. जांच में सामने आया कि आरोपी लंबे समय से नकली पान मसाला तैयार कर उसे स्थानीय बाजारों में खपा रहे थे. जब्त माल की कीमत करीब पांच लाख रुपए आंकी गई है. आरोपियों के खिलाफ बीएनएस और कॉपीराइट एक्ट की धारा के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है.

युवा दिवस | विवेकानंद जयंती पर प्रदेश भर में होंगे आयोजन

# सीएम बच्चों के साथ करेंगे सूर्य नमस्कार

**भोपाल, 11 जनवरी. स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस के तहत 12 जनवरी को प्रदेश की समस्त शालाओं में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया जाएगा.**

यह आयोजन प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ संपन्न होगा. इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में शारीरिक, मानसिक एवं नैतिक विकास के साथ योग और भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना है.



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल स्थित सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ सूर्य नमस्कार एवं योगाभ्यास करेंगे. वहीं, स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह नरसिंहपुर जिले के राजमार्ग क्षेत्र में स्थित रुकमणि देवी पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे और विद्यार्थियों के साथ सूर्य नमस्कार करेंगे. राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर प्रदेश की सभी शिक्षण संस्थाओं में प्रात: 9:30 बजे से 10:15 बजे तक आकाशवाणी से प्रसारित विशेष कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सुना जाएगा. इसमें राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम स्वामी विवेकानंद के प्रेरणादायी विचारों का रिकॉर्डेड ऑडियो तथा मुख्यमंत्री डॉ. यादव का संदेश शामिल रहेगा.

### 12 से शुरू होगा संकल्प से समाधान अभियान

भोपाल. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 12 जनवरी, युवा दिवस से 31 मार्च 2026 तक प्रदेश में 'संकल्प से समाधान' अभियान चलाने की घोषणा की है. इसका उद्देश्य केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पात्र नागरिकों तक पहुँचाना है. अभियान का प्रथम चरण 12 जनवरी से 15 फरवरी तक चलेगा, जिसमें प्रत्येक ग्राम/ नगरीय वार्ड में समिति गठित कर आवेदन/ शिकायत एकत्रित की जाएँगी और नोडल अधिकारी पोर्टल पर दर्ज करेंगे. दूसरा चरण 16 फरवरी से 16 मार्च तक चलेगा, जिसमें क्लस्टर/ जोन स्तर पर शिविर आयोजित कर आवेदन का निराकरण किया जाएगा. तीसरा चरण 16 मार्च से 26 मार्च तक विकासखण्ड स्तर पर और चौथा चरण 26 मार्च से 31 मार्च तक जिला स्तर पर शिविर आयोजित कर शेष आवेदन और नवीन आवेदन का समाधान किया जाएगा. संपूर्ण कार्यवाही सीएम हेल्पलाइन पोर्टल के माध्यम से संपादित की जाएगी.

## पिता एवं बहन के साथ मेला घूमने जा रही किशोरी को डंपर ने कुचला, मौत

**मुरैना.** डंपर से कुचलकर आज शाम एक किशोरी की दर्दनाक मौत हो गई। मृतका अपने पिता एवं भाई के साथ गांव से मुरैना मेला देखने आ रहे थे, तभी नेशनल हाइवे- 44 पर इंद्रलोक होटल के पास डम्पर ने बाइक को टक्कर मार दी। 112 डायल ने जिला अस्पताल पहुँचाया था जहाँ से प्राथमिक उपचर कर ग्वालियर रेफर किया गया जहाँ अंशू की मौत हो गई। इसके बाद वे वापस मुरैना आये। दुर्घटना में अंशू पुत्र रूप सिंह सिकरवार उम्र 16 निवासी खाड़ोली की मौत हुई है जबकि उसके पिता रूप सिंह पुत्र निरंजन सिंह सिकरवार उम्र 48 एवं बहन ऋतु पुत्री रूप सिंह सिकरवार उम्र 14 वर्ष घायल हुए हैं।

# 200 तीर्थ यात्री द्वारिका-सोमनाथ रवाना, 7 दिवसीय यात्रा शुरू

**श्योपुर, 11 जनवरी. जिले से आज रविवार दोपहर 200 तीर्थ यात्री मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत गुजरात स्थित द्वारिका और सोमनाथ के लिए सात दिवसीय यात्रा पर रवाना हुए.**

धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग द्वारा संचालित इस योजना के अंतर्गत यात्रियों को श्री रामतलाई हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में हरी झंडी दिखाकर विदा किया गया. इस अवसर पर तीर्थ यात्रियों का माल्यार्पण और तिलक कर स्वागत किया गया. कार्यक्रम में कलेक्टर अर्पित वर्मा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय और भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य महावीर सिंह सिसौदिया सहित कई गणमान्य व्यक्ति तथा तीर्थ यात्रियों के परिजन उपस्थित रहे. मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत ये यात्री आज 11 जनवरी से 17 जनवरी तक द्वारिका एवं सोमनाथ की यात्रा पर रहेंगे. सभी यात्री आज रात शिवपुरी रेलवे स्टेशन से एक विशेष ट्रेन द्वारा अपनी यात्रा शुरू करेंगे और यात्रा पूर्ण होने पर वहीं वापस उतरेंगे. इसके बाद, जिला प्रशासन द्वारा बसों के माध्यम से इन यात्रियों को उनके गंतव्य तक सुरक्षित पहुंचाया जाएगा.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7590/60